जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि / परीक्षा–2 / गोपनीय / 2016 / 545 दिनांक : 08.02.2016

प्रति,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त शासकीय एवं अशासकीय सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय :– स्नातक बी.ए. / बी.एस.सी. / बी.एस.सी. (होम साइंस) / बी.कॉम. तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर दिसम्बर, 2015 की प्रायोगिक / आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक ऑनलाईन दिनांक 29 फरवरी, 2016 तक अपडेट करने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्नातक बी.ए. / बी.एस.सी. / बी.एस.सी. (होम साइंस) / बी.कॉम. तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर दिसम्बर, 2015 की प्रायोगिक / आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा सम्पन्न कराकर प्रायोगिक / आंतरिक मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर ऑनलाईन **दिनांक 29 फरवरी, 2016** तक अपडेट कर, अपडेट किए गए अंकों की सूची की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में **04 मार्च, 2016** तक अनिवार्य रूप से जमा करायें।

आपको यह ज्ञात होगा कि प्रायोगिक / आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक सभी नियमित / असंस्थागत / भूतपूर्व छात्रों के ऑनलाईन अपडेट किये जाते है। ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी के प्रायोगिक / आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑनलाईन अपडेट नहीं होते हैं। केवल ऐसे ए.टी.के.टी. छात्र जिनको प्रायोगिक परीक्षा या आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में ए.टी.के.टी. प्राप्त होती है। केवल उन्ही छात्रों के नवीन प्रायोगिक / आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑनलाईन अपडेट किए जाते हैं।

आपको यह स्मरण कराया जाता है कि आपके महाविद्यालय के लिए नियुक्त बाह्य परीक्षकों के नियुक्ति पत्र आपके महाविद्यालय के ई–मेल आई.डी. पर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित किए जा चुके हैं।

आपसे अनुरोध है कि निर्धारित तिथि तक परीक्षाएं सम्पादित कर ऑनलाईन अंक अपडेट कर विश्वविद्यालयीन परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. श्री संजय वरथरिया की ओर इस पत्र को विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर अपलोड करावें।

उप–कुलसचिव (गोपनीय / परीक्षा)